**हरियालो राजस्थान में दो लाख पौधे लगाने परमहापौर कुसुम यादव ने किया निगमकर्मियों का सम्मान***

***हेरिटेज निगम क्षेत्र में लगे पौधों की होगी देखभाल, निगम अधिकारी स्थानीय लोगों के साथ संभालेंगे जिम्मा***

जयपुर। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर एक दिन दो लाख से अधिक पौधे लगाने पर नगर निगम हेरिटेज महापौर कुसुम यादव ने निगमकर्मियों का सम्मान किया। वहीं, निगम क्षेत्र में लगे दो लाख से अधिक पौधों की देखभाल का जिम्मा भी लिया गया। इस दौरान महापौर कुसुम यादव ने कहा कि हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल और निगम की पूरी टीम ने जिस तरह से पौधरोपण अभियान चलाया गया। वो कबीले तारीफ है। सभी निगम के चेयरमैन, अधिकारी और सफाई कर्मियों ने अथक मेहनत कर दो लाख से अधिक पौधे लगाए । ये एक गौरवान्वित करने वाला पल है। ऐसे में प्रकृति की रक्षा करते हुए इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी हमारी है। इसके लिए निगम अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग कर स्थानीय निवासियों के साथ पौधों की देखभाल करेंगे। वहीं, आयुक्त डॉ निधि पटेल ने कहा कि पौधरोपण कार्य निगम टीम ने मिलजुल कर कार्य किया। सभी अधिकारी और कर्मचारी इस पुनीत कार्य में लगे रहे और लक्ष्य से बढ़कर कार्य किया। आयुक्त डॉ निधि पटेल ने पौधरोपण अभियान में अच्छा कार्य करने पर उद्यान समिति चेयरमैन पूनम शर्मा और उद्यान शाखा उपायुक्त मोनिका सोनी, उद्यान अधीक्षक छाजूराम और निगम के एनालिस कम प्रोग्रामर उपनिदेशक दीपचंद शर्मा को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हेरिटेज निगम की उद्यान शाखा और प्रोग्रामर शाखा ने इस अभियान को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया। इस दौरान महापौर कुसुम यादव और आयुक्त डॉ निधि पटेल ने चेयरमैन पूनम शर्मा, अंशु शर्मा, ज्योति चौहान , बबीता तंवर, प्रकाश चंद शर्मा, मनोज मुद्गल, रजत विश्नोई, अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र यादव, उपायुक्त उद्यान मोनिका सोनी, उपायुक्त स्वास्थ्य देवानंद शर्मा, सिविल लाइन जोन उपायुक्त सुनील बैरवा, उपायुक्त दिलीप भंभानी, सीमा चौधरी, इंजीनियर विंग के अधिकारी और हेरिटेज निगम के समस्त मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।




Yoga for One Earth, One Health


Yoga
Sangam


Yoga for One Earth, One Health
Yoga
Sangam


Yoga for One Earth, One Health
Yoga
Sangam
2025